Title : Regarding sanction of a dedicated entry and exit point at Mithaki Mahua in Gaya district under Bharatmala Project

श्री अभय कुमार सिन्हा **(औरंगाबाद) :** सभापति महोदया, भारतमाला सड़क परियोजना मेरे संसदीय क्षेत्र से 6 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग गुजर रहा है। यहां उल्लेख करना चाहूंगा कि इस क्षेत्र के कई धार्मिक स्थल देव, गजनीधाम और श्रावणी मेला, बांके बाज़ार है, जिसमें हज़ारों-हजार की संख्या में लोग दूर-दूर से आते हैं । इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक उतार और चढ़ाव (डेडिकेटेड पॉइंट) मेरे संसदीय क्षेत्र में गाँव तारचुआँ के समीप मिठाकी महुआ, प्रखंड डुमरिया, जिला गया नामक स्थान पर स्वीकृत किया जाना चाहिए । इस प्रकार उतार और चढ़ाव बन जाने से सभी धार्मिक स्थलों और पूरे क्षेत्र में लाखों लोगों को विकास की नई दिशा मिलेगी। अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से जनहित में अनुरोध है कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक उतार और चढ़ाव (डेडिकेटेड पॉइंट) मेरे संसदीय क्षेत्र में गाँव तारचुआँ, प्रखंड-डुमरिया, जिला-गया के समीप मीठाकी महुआ नामक स्थान पर स्वीकृत करने की कृपा करें।